तापमान

भोपाल	26.6°	7.0°
इंदौर	30.5°	11.2°
जबलपुर	25.6°	7.2°
ग्वालियर	25.2°	7.7°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल: वर्ष 40 अंक 37,पृष्ठ 12)
शनिवार 4 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... कला साध्य भी है, अराध्य भी...

खेल... फीफा के दूसरे फ्रेंडली मैच में भारतीय महिला टीम ने...

व्यापार... इस साल उत्तरी मुंबई लोकसभा क्षेत्र विकास में कई...

देश-विदेश... चीन में फिर शुरू हुई कोरोना जैसी तबाही...

www.naiduniaonline.com

दिल्लीवासियों पर दस साल से व्याप्त है 'आप-दा' : मोदी

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को राष्ट्रीय राजधानी वासियों के लिए बड़ी 'आप-दा' करार देते हुए कहा कि अन्ना हजारे को आगे करके कट्टर बेईमानों ने खुलेआम घोटाले एवं भ्रष्टाचार किये और उसका जश्न भी मनाया।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां दिल्ली विधानसभा चुनावों के पहले उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार स्थित रामलीला मैदान में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीबों के लिए 'स्वाभिमान अपार्टमेंट' के लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए यह तंज कसा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को आश्वस्त किया कि उन्हें हर हाल में पक्का घर मिलेगा। भले ही आज न मिले लेकिन कल जरूर मिलेगा। श्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की ये भूमिका और सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने, भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने, युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में नए कीर्तिमानों का होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ष महिला नीत विकास के हमारे मंत्र को नई ऊंचाई देने तथा जीवन की सुगमता और गुणवत्ता बढ़ाने का होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं विशेष रूप से उन साथियों को, उन माताओं, बहनों को बधाई देता हूं, जिनकी एक तरह से नई जिंदगी शुरू हो रही है। झुग्गी की जगह पक्का घर, अपना घर... ये नई शुरुआत ही तो है। जिनको ये घर मिले हैं, ये उनके स्वाभिमान का घर है, ये आत्मसम्मान का घर है, ये नई आशाओं और नए सपनों का घर है। मैं आप सभी की खुशियों में आपके उत्सव का हिस्सा बनने यहां आया हूं। स्वाभिमान अपार्टमेंट्स गरीबों के स्वाभिमान और उनकी गरिमा को बढ़ाने वाले हैं। इन घरों के मालिक भले ही दिल्ली के अलग-अलग जगहों के लोग हों, लेकिन ये सब के सब मेरे परिवार के ही सदस्य हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के निर्माण में जुटा है। विकसित भारत में देश के हर नागरिक के पास पक्के घर हों, ये संकल्प लेकर हम काम कर रहे हैं। इस संकल्प में? दिल्ली की बहुत बड़ी भूमिका हैं, इसलिए भाजपा की केंद्र सरकार ने झुग्गियों की जगह पक्का घर बनाने का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, देश भलीभांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक लोगों का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, यही सपना था। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं, जब भी आप बातचीत करते हैं और झुग्गी निवासियों के साथ मिलते हैं, उन्हें मेरी ओर से यह सुनिश्चित करें कि वे निश्चित रूप से पक्का घर प्राप्त करेंगे, यदि आज नहीं, (शेष पेज 2 पर)

आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आईः केजरीवाल

आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पीएम मोदी की आपदा सरकार टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। केजरीवाल ने कहा कि जो लोग लोगों के लिए काम करते हैं वे कभी दूसरों का दुरुपयोग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज दिल्ली आकर 43 मिनट का भाषण दिया, 39 मिनट तक उन्होंने दिल्ली की प्रचंड बहुमत से बनी सरकार को गालियां दीं। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें यह बताने में दो से तीन घंटे लगेंगे कि दिल्ली सरकार ने दस साल में कितने काम किए हैं, लेकिन बीजेपी ने ऐसा कुछ नहीं किया है जिसे प्रधानमंत्री आज कह सकें। केजरीवाल ने कहा कि जो काम करता है उसे डांटना नहीं चाहिए, जो नहीं करता उसे डांटना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 2020 में संकल्प पत्र दिया था, अब तक पांच साल में केवल 4700 (शेष पेज 2 पर)

जहरीले कचरे के विरोध में दो ने किया आत्मदाह का प्रयास

अनशन पर बैठे विधायक, बिगड़े हालात

पीथमपुर(एजेंसी)। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्टर के कचरे को लेकर पीथमपुर में जबरदस्त किच-किच चल रही है। ये कचरा पीथमपुर में नष्ट किया जाना है, लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पीथमपुर में हालत बहुत अधिक बिगड़ चुके हैं। दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास किया है। दोनों को गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया।

पीथमपुर के हर गली मोहल्ले सड़क पर लोगों की भीड़ उतर आई है। मामले को लेकर पीथमपुर में सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठ गए हैं। डोडियार का कहना है कि 337 मैट्रिक टन जहरीले कचरे को यहां जलाने से लोगों को कैंसर होने का खतरा है। सरकार का रवैया ठीक नहीं है। भोपाल से पीथमपुर में कचरा आने के बाद से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सांसें फूली हुई हैं। पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का जनता पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सभी संगठन, संस्थाएं एक मंच पर आकर इसका विरोध कर रही हैं। पीथमपुर में लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने चारों तरफ से आने-जाने के रास्ते बंद कर दिए (शेष पेज 2 पर)

डॉ. यादव ने की गलत कदम ना उठाने की अपील

यूनियन कार्बाइड का रासायनिक अपशिष्ट धार जिले के पीथमपुर पहुंचाए जाने के विरोध में आज वहां हो रहे आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा है कि जनता गलतफहमियों में पड़ कर गलत कदम ना उठाए और सरकार किसी के जीवन को कष्ट में नहीं आने देगी। डॉ यादव ने राजधानी भोपाल में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार कभी नहीं चाहेगी कि राज्य के किसी भी हिस्से के नागरिकों को जीवन में कष्ट आए।

पीथमपुर ने विकास के नाम पर सब कुछ दिया, बदले में मिला जहर

यूनियन कार्बाइड का रासायनिक अपशिष्ट धार जिले के पीथमपुर पहुंचाए जाने के विरोध में आज वहां हो रहे आंदोलन के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पीथमपुर की जनता ने विकास के नाम पर सरकार को सब कुछ दिया, पर बदले में उन्हें जहर दे दिया गया। श्री पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पीथमपुर की जनता से जमीन छीनी गई।

खास-खबरें

प्रधानमंत्री ने दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार को सराहा

नईदिल्ली(एजेंसी)। राज्य के दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रूप से सराहना की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सोशल मीडिया पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, महाराष्ट्र सरकार द्वारा दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए प्रयासों की मैं सराहना करता हूं। ये प्रयास लोगों के जीवन में सरलता लाएंगे और अधिक प्रगति सुनिश्चित करेंगे। गढ़चिरौली और आसपास के क्षेत्रों के मेरे सभी भाई-बहनों को विशेष शुभकामनाएं।

मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

गरियाबंद(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को तीन नक्सलियों को मार गिराया। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। कथित तौर पर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के लगभग 300 सुरक्षा बल इस ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान सेना ने तीन नक्सलियों को मार गिराया है।

मनमोहन की याद में रखे अखंड पाठ में शामिल हुए सोनिया-खड़गे

नई दिल्ली(एजेंसी)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में उनके आवास पर अखंड पाठ रखा गया जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी सहित कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ सिंह के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री खड़गे और श्रीमती गांधी के अलावा पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी ने डॉ सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी यादें हमेशा सबके दिल में रहेंगी और उनकी सादगी, सरलता और आदर्श सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

गैंगस्टर छोटा राजन का गुर्गा राजू चिकन्या मुंबई से गिरफ्तार

मुंबई(एजेंसी)। छोटा राजन गिरोह के एक खूंखार गैंगस्टर को 32 साल तक भागने के बाद शुक्रवार को मुंबई पुलिस ने पकड़ लिया। गैंगस्टर राजू चिकन्या उर्फ विलास पवार हत्या और 1992 की गोलीबारी की घटना में वांछित था। पुलिस के मुताबिक, पवार ने 1992 में मुंबई के दादर पुलिस स्टेशन पर गोलीबारी की थी। उस समय दादर पुलिस स्टेशन में गोलीबारी और हत्या का मामला दर्ज किया गया था। देवनार पुलिस स्टेशन में आईपीसी के कई प्रावधानों के तहत एक और मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 307 (हत्या का प्रयास), 34 , 3 (भारत के बाहर किया गया अपराध) और 25 (कपटपूर्ण इरादे) शामिल हैं।

प्रदेश में वन्य-जीव पर्यटन अभियान आज से : डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन्य जीव पर्यटन की दिशा में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। शनिवार 4 जनवरी से वन्य-जीव पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चंबल अभयारण्य का भ्रमण कर चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रकृति ने मध्यप्रदेश को कई वरदान दिए हैं। सघन वन, वृक्षों की विविधता के साथ ही वन्य-प्राणियों की भी विविधता मध्यप्रदेश में देखने को मिलती है। वनों और वन्य-प्राणियों से मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनी है। मध्यप्रदेश बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल जैसे प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है। चीता पुनर्स्थापन करने वाला मध्यप्रदेश एक मात्र प्रदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं।

ममता बनर्जी को गिरिराज सिंह की चुनौती

अगर हिम्मत है तो पश्चिम बंगाल में एनआरसी और सीएए लागू करें

नईदिल्ली(एजेंसी)। बीएसएफ को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश जैसा बनाना चाहती हैं, इसीलिए सीमा पर देश की रक्षा करने वाली बीएसएफ को गाली दे रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी मुसलमानों और रोहिंग्याओं को बसाया जा रहा है और उनकी संख्या पश्चिम बंगाल के मुसलमानों से भी ज्यादा है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें थोड़ी हिम्मत है तो वह पश्चिम बंगाल में एनआरसी और सीएए लागू करें।

दिल्ली सरकार की 'शिक्षा क्रांति' ने व्यवस्था को परिवर्तित किया

नईदिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई 'शिक्षा क्रांति' ने शिक्षा व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया है और अब बच्चों के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। झिलमिल कॉलोनी में सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए आतिशी ने कहा कि नए भवन का महत्व तब नजर आता है जब वहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देती है। जिस ब्लाक का उद्घाटन किया गया है उसमें 25 कक्षाएं और छह उन्नत प्रयोगशालाओं समेत 45 कमरे हैं।

मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे ले रहे हैं महामारी का रूप : मुर्मु

बेंगलुरू(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं महामारी का रूप ले रही हैं पर उम्मीद की बात यह है कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ने से पीड़ितों के लिए मदद लेना आसान हुआ है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दिमाग के संतुलन को प्रभावित करने वाले जीवन के उतार-चढ़ावों को समझने के लिए हमारे ऋषि-मुनियों और द्रष्टाओं की सीख के आधार पर कोई आध्यात्मिक नियम या ढांचा विकसित किया जा सकता है। राष्ट्रपति बेंगलुरु में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने मानसिक और शारीरिक कष्टों को कम करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल की आधुनिक प्रणालियों के साथ योग जैसे पारंपरिक तरीकों को सफलतापूर्वक शामिल करने के लिए निमहंस की सराहना की।

धनखड़ ने वेद और सनातनी ग्रंथों को समाज के कोने-कोने तक पहुंचाने किया आव्हान

नई दिल्ली(एजेंसी)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वेद और सनातनी ग्रंथों को समाज के प्रत्येक कोने तक पहुंचाने का आव्हान करते हुए शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग विनाशकारी विचार प्रक्रिया को छिपाने के लिए धर्मनिरपेक्षता को एक ढाल के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। श्री धनखड़ ने यहां जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय में 27 वीं अंतर्राष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस के उद्घाटन भाषण में कहा कि वेदांत की बुद्धिमत्ता को ऐतिहासिक बौद्धिक धरोहर से निकालकर कक्षा में लाने और समाज के हर कोने तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वेद इतिहास नहीं है बल्कि मानव समाज के भविष्य के प्रारुप है। ये सतत विकास के लिए व्यावहारिक समाधान देते हैं। वेदांत के ज्ञान की पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि वेदांत अतीत का अवशेष नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए (शेष पेज 2 पर)

स्पेशल खबर *जीएसटी संग्रह बढ़ाने के लिए...*

जाँच एजेंसियों का आतंक रोकना जरूरी : कांग्रेस

नई दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस ने कहा है कि कर और जांच एजेंसियों के आतंक जैसे कारणों से देश की अर्थव्यवस्था में अस्थिरता का माहौल है और इसी का परिणाम है कि इस बार दिसंबर में फिर वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) का संग्रहण सबसे धीमा रहा है।

पार्टी ने एक बयान में कहा है कि दिसंबर 2024 के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने जीएसटी संग्रह साढ़े तीन साल में दूसरी बार सबसे धीमी गति से बढ़ा है। आलोच्य माह में रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह घटकर 3.3 प्रतिशत पर रह गया, जो चालू वित्त वर्ष में सबसे कम है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीन तिमाहियों में जीएसटी संग्रह 8.6 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि बजट में 11 फीसदी वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया गया था। न्यूनतम सत्यापन और ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान फिजिकल जांच न होने से फर्जी कंपनियां बन रही हैं, जो वास्तविक संचालन के बिना ही रिफंड मांगती हैं। फर्मों ने उन निर्यातों पर भी रिफंड क्लेम किया है, जो इस तरह के लाभों के लिए योग्य नहीं हैं।

पार्टी ने जीएसटी 2.0 को अच्छा और सरल बनाने के साथ ही टैक्स तथा जांच एजेंसी का आतंक खत्म करने की मांग की और कहा कि यह निजी निवेश को रोक रहा है तथा उद्यमियों को विदेश भागने को मजबूर कर रहा है, इसलिए इसे समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह गिरावट एक गहरे आर्थिक संकट को भी प्रतिबिंबित करती है। चालू वित्त वर्ष के जुलाई-सितंबर के दौरान जिडीपी ग्रोथ रेट घटकर मात्र 5.4 प्रतिशत रह गई थी - जो 5.4 प्रतिशत की समान रूप से कमजोर निजी निवेश ग्रोथ के बराबर थी।

जम्मू-कश्मीर में अब भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहींः उमर

श्रीनगर(एजेंसी)। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति अब भी पूरी तरह से सामान्य नहीं हुई है। श्री अब्दुल्ला एक पत्रकार के सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी थी। श्री शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में जम्मू कश्मीर एंड लद्दाख थ्रू द एजेस: ए विजुअल नैरेटिव ऑफ कॉन्टिन्युइटीज एंड लिंकेजेज पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला था और इसके उन्मूलन ने जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से भारत के साथ एकीकृत कर दिया है।